तापमान
अधिकतम 33 .2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 31 मार्च 2025

11 देश, प्रदेश और गांव के विकास के लिए भाजपा ...



12 भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मांगी ...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- रोडवेज डिपो में कर्मियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### फ्रॉड पर 1930 पर दर्ज कराएं शिकायत: डीसी

**रोहतक।** वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल भुगतान का चलन तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए जिलावासियों से आग्रह किया कि वे ऐसे मामलों की तुरंत सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। हाल के वर्षों में ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ने के कारण लोग अक्सर सोशल मीडिया पर मिलने वाले भारी छूट, लॉटरी से जुड़े विज्ञापनों में आ जाते हैं।

### सरकार ने एमएसपी मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया

# सभी तैयारी पूरी, मंडी में कल से शुरू होगी गेहूं की खरीद, आवक अभी नहीं

■ फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाए ताकि बिक्री में सुविधा हो : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नई अनाज मंडी में मंगलवार से गेहूं की खरीद शुरू होने जा रही है। सरकार ने एमएसपी पर इसका मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। लेकिन मंडी में अभी तक एक क्विंटल गेहूं की आवक तक शुरू नहीं हुई है। लेकिन सरकार की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए सरकार ने सभी जिलों से मंडियों की रिपोर्ट तक मांगी है। ताकि व्यवस्थाओं का समय- समय पर जायजा लिया जा सकें। इससे किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। अप्रैल के मध्यातंर तक मंडी में गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाए ताकि फसल बिक्री में सुविधा हो। जिला में सरसों की खरीद जारी है। गत शनिवार तक जिला की मंडियों में 4054.41 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि गत शनिवार तक जिला की कलानौर, महम, रोहतक व सांपला अनाज मंडियों में 4054.41 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। कलानौर मंडी में हैफेड द्वारा 1450.01 मीट्रिक टन, महम मंडी में हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 1164.40 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में हैफेड द्वारा 202 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में हैफेड द्वारा 1238 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई तथा खरीद सीजन को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए है।

#### मंडी में सरसों की आवक तेज



#### 4054.41 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद

शनिवार तक जिला की मंडियों में 4054.41 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। वहीं मंगलवार से गेहूं की खरीद भी शुरू की जा रही है। लेकिन मंडी में अभी गेहूं पहुंचा नहीं है। गेहूं की किमत प्रति क्विंटल 2425 रुपये तय हुई है। **-दीपक लोहचब**, सचिव, अनाज मंडी

#### बिजली व पानी की मिलेगी सुविधाएं

अधिकारियों ने किसानों को सुविधाएं देने के लिए मंडी में सभी व्यवस्थाओं को जायजा लेकर उन पर काम करना शुरू कर दिया है। जहां कहीं भी दिक्कतें लग रही है, उनको समय पर ठीक किया जा रहा है। किसानों के लिए बारदाने का विशेष प्रबंध कर दिया गया है। ताकि समय पर किसी तरह की परेशानियों से किसानों को जूझना न पड़े। मंडी में अलग से शिकायत केंद्र भी बनाया जाएगा। ताकि किसी भी किसान को कोई समस्या हो तो वह अपनी शिकायत उस पर कर सकें।

#### फसलों का साथ की साथ होगा उठान

हैफेड से लेकर वेयर हाउसिंग फसलों की खरीद कर साथ की साथ फसलों को उठान करेंगी। ताकि आने वाले किसानों को मंडी में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्योंकि खरीद एजेंसियां खरीद के साथ उठान नहीं कर पाती है तो अन्य किसानों को फसलों के लिए जगह नहीं मिल पाती है। जिसके चलते उन्हें विरोध करना पड़ता है। पिछले समय में भी उठान न होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।



### परिवहन मंत्री विज ने जाना कार्यकर्ता का हाल, एसपी को दिए कार्रवाई के आदेश

**रोहतक।** हरियाणा के परिवहन और बिजली मंत्री अनिल विज रविवार को पीजीआई में भर्ती एक कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे। इसी दौरान महिला ने एक मामले की शिकायत की। महिला ने बताया कि मारपीट की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। महिला की शिकायत सुनने के अनिल विज ने रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया को फोन किया कि आज शिकायत दर्ज होनी चाहिए। विज के दौरे के दौरान अधिकारी सतर्क नजर आए। विज दोपहर को पीजीआई में पहुंचे थे। उन्होंने कैंसर वार्ड में भर्ती भाजपा कार्यकर्ता का हालचाल जाना। जब विज जाने लगे तो ओमैक्स सिटी की रहने वाली महिला ने शिकायत की कि ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह शिकायत लेकर थाने गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। विज ने एसपी को कॉल कर कार्रवाई के लिए कहा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री भाजपा के पुराने प्रदेश कार्यालय हुडा कॉम्पलेक्स में गए। जहां पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने उनका स्वागत किया।

#### महम में विकास कार्यों की गति थमने नहीं देंगे

### सांसद जांगड़ा ने किया विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम




राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का उनके पैतृक गांव खरकड़ा में ग्रामीणों ने पगड़ी व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने गांव में 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों और चौपाल के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। सांसद रामचंद्र जांगडा ने कहा कि अब महम हलके में विकास कार्यों की गति को थमने नहीं दिया जाएगा। गांव वासियों ने कहा कि रामचंद्र जांगडा के आने के बाद महम हलके में विकास कार्यों की बाढ़ सी आई हुई है। इसी तरह उन्होंने गोहाना से जब चुनाव लड़ा था तो गोहाना में भी हज़ारों करोड़ के विकास कार्य सरकार के माध्यम से करवाये थे और अब महम विधानसभा में लगे हुए हैं। जांगडा ने करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत पिछले दिनों की थी। भाजपा नेता अजीत अहलावत, पूर्व जीएम कुलदीप, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### 2550 ने दी उल्लास परीक्षा



**सांपला।** खंड शिक्षा अधिकारी सांपला सुमन हुड्डा की देखरेख में उल्लास योजना की परीक्षा आयोजित हुई। 21 परीक्षा केंद्रों पर 2550 ने परीक्षा दी। परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी जयभगवान, जिला समन्वयक इला धामिजा और ब्लॉक नोडल अधिकारी मंदीप खत्री मौजूद रहे।

### मदवि के छात्रों ने देखा राष्ट्रपति भवन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के दल ने राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, उद्यम उत्सव, प्रणव मुखर्जी पुस्तकालय और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा में डॉ. प्रताप सिंह और डॉ. प्रोमिला रांगी की अगुवाई में विभाग के 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजिट में विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय की प्रशंसा की और कहा कि इसमें विकसित भारत और डिजिटल भारत की झलक मिलती है। 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस म्यूजियम का उद्घाटन किया था। इस म्यूजियम में आपको प्रत्येक प्रधानमंत्री को समर्पित 14 गैलरी देखने को मिल जाएगी।

### आउटसोर्स पार्ट-2 कर्मचारियों ने जॉब सिक्योरिटी न होने पर जताया रोष

**रोहतक।** जिले में आउटसोर्स पार्ट- 2 कर्मचारी संगठन की मीटिंग मकड़ौली टोल पर हुई। जहां जॉब सिक्योरिटी को लेकर चर्चा गई। कर्मचारियों ने इस दौरान जॉब सिक्योरिटी ऑर्डिनेंस लागू न करने पर रोष जताया और एचआरएमएस टू पोर्टल को जल्द जारी करने की मांग की। आउटसोर्स पार्ट- 2 कर्मचारी संगठन के प्रदेश प्रवक्ता संजय ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से एसओपी जारी करने में देरी की जा रही है। हरियाणा में 58 के करीब छोटे बड़े विभाग हैं, जिनमें पार्ट 2 के कर्मचारी लगे हुए हैं। अभी तक मात्र 17 के करीब विभागों की नाम वाली लिस्ट जारी की गई है, जबकि सभी विभागों की जारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने 2 जनवरी 2025 को एक गजट नोटिफिकेशन जारी किया। एचआरएमएस 2 पोर्टल को लेकर 28 मॉड्यूल हैं।

### ऑन लाइन ठगी के तीन मामलों में लौटाए 3,54,486 रुपये

■ पुलिस ने तीनों मामलों के हल करने में सफलता पाई

**रोहतक।** पुलिस ने ठगी के अलग-अलग तीन मामलों में पीडितों के पैसे खातों में जमा करवाए है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर 2024 को खरौडी निवासी विनित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। सीडीएम मशीन के माध्यम से अलग-अलग किशतो मे कुल 2 लाख 50 हजार रुपये जमा करा दिए। विनित ने ढाई लाख रुपये के बदले क्रिप्टो करेंसी की मांग की तो विनीत को टेलीग्राम पर ब्लॉक कर दिया।

थाना साइबर की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर जिस खाता में पैसे जमा हुए उस खाता को फ्रीज करवाया गया। 1,15000/-रुपये लौटाये है। सदर थाना प्रभारी रिषभ सोढी ने बताया कि 17 नवंबर 2024 को चमारिया निवासी जितेंद्र ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 16 नवंबर 2024 को जितेंद्र के अकाउंट से रात के समय कुल 99486 रुपये कट गए। जांच के बाद पीडित को रुपये वापिस किए गए है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल ने बताया कि कलानौर निवासी युवक के साथ 1,40,000 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। थाना टीम ने मामले की जांच करते हुये ठगी हुई रकम को फ्रीज करवाया गया।






*अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन की बू आ रही थी।*



*संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए - 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए - 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहां से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूं। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।'*



कहानी
**अर्चना कोचर**

# शुभरात्रि

दफ्तर से घर के रास्ते में अचानक कैब खराब हो गई। रात बड़ी अंधियारी और सड़क बिल्कुल सुनसान थी। घर और रास्ते की दूरी लगभग बीस किलोमीटर थी। भाई और पापा दोनों शहर से बाहर गए हुए थे। और-तो-और इंटरनेट भी गायब था। संध्या बदहवास सड़क पर पैदल पागलों की भाँति भागी जा रही थी और साथ-साथ चल रहा था वह घुप्प अंधेरा। तभी उसे ऐसा आभास हुआ जैसे कोई साया उसके साथ-साथ चल रहा है। परछाई होगी, समझ कर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन तभी वह साया बिल्कुल करीब आ गया।

यह मन का वहम नहीं, अपितु हकीकत है। डर के मारे उसकी घिग्घी बंध गई । अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन तथा कंचे सी चमकती आँखों से वासना की बू नजर आ रही थी। तभी सुनसान को चीरती उसकी मधुर तथा धीमी आवाज, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने मौन तथा सहज होते हुए स्वयं को उसके बंधन से आजाद किया । उसका वहीं सवाल फिर से, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने बड़े धीमे से - हाँ, बोला। अब वह साया कदम-से-कदम मिलाकर उसके साथ-साथ चलने लगा। संध्या तेज-तेज कदमों से जितना दूर होने का प्रयास करती, वह उतना करीब आता जा रहा था। मानो संध्या के कदमों की गति से अपने कदमों के सुर-ताल मिला रहा हो। उसने फिर से सुनसान को चीरते हुए - 'इस वक्त इस सुनसान सड़क पर अकेले कैसे ?

डर के मारे संध्या के स्वर नहीं निकल पा रहे थे। उसके भय और चुप्पी को भांपकर उसने ढांढस बंधाते हुए - 'आप डरिए नहीं, इतनी सुनसान सड़क पर अकेली कैसे', लगती तो आप किसी सभ्य घर से है'?

डर के मारे संध्या के होठ सिल गए, जिह्वा तालू से चिपक गई, शब्द कंठ तक तो आ रहे थे, लेकिन निकल नहीं पा रहे थे। वह बस बदहवास भागी जा रही थी। जैसे बीस किलोमीटर की दूरी दो ही मिनट में पूरी कर लेगी । वह जिस तरह से साथ-साथ चल रहा था, उसके हैवान होने का शक संध्या के दिमाग पर उतना ही गहराता जा रहा था। अपने पर काबू पाकर वह सिर्फ दो ही शब्द बोल पाई - 'आप यहाँ से जाइए, मैं अपने-आप चली जाऊँगी।' उसने कहा - 'सड़क सुनसान है, घुप्प अँधेरा है, शहर यहाँ से लगभग बीस किलोमीटर की दूरी पर है । इस समय सड़क पर शायद ही कोई वाहन मिले। 'संध्या ने फिर से हिम्मत बटोरकर - "बोला ना, आप जाइए! मैं चली जाऊँगी ।" उसने कहा, "आगे थोड़ा जंगल का रास्ता है। इस समय जंगली जानवरों तथा अराजक तत्वों का खतरा होता है। आपके लिए अकेले वहां जाना सुरक्षित नहीं है।" संध्या ने मन-ही-मन, 'मैंने तुम्हारी आँखों में हैवानियत पढ़ ली है। अपने-आप को बड़े औरत के रखवाले और परम हितैषी समझते हो। मर्द परम हितैषी बनकर ही तो औरत को धोखा देते हैं। मैं तुम्हारे झांसे में नहीं आने वाली हूँ । क्यों उल्लू बना रहो'?

संध्या उससे जितना दूर भागने की कोशिश करती, वह उतना ही उसके साथ-साथ हो लेता। उसने फिर वहीं बात दोहरा दी - 'आपने अपना नाम नहीं बताया, इस सुनसान सड़क पर कैसे'?

'संध्या तुतलाते हुए - 'संध्या, कैब खराब हो गई थी'। फिर एकदम से चिल्लाकर - 'बस बता दिया सब कुछ', अब आप मुझे मेरे हाल पर छोड़कर यहां से जाइए।

संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए - 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए - 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहाँ से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूँ। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।' वह फिर मुस्कुराते हुए - "संध्या जी मेरा नाम गौरव है ।" उसने चिढ़ते हुए - "गौरव-सौरव या कुछ और, फिर मैं क्या करूं ?" वह ढिठाई से मुस्कुराते हुए - 'जी पक्का-पक्का गौरव ही है। 'अब पकड़म-पकड़ाई और नोकझोंक में काफी समय हो गया था। आगे का रास्ता सुनसान, अँधकारमय तो था ही, साथ में गहरे जंगल से घिरा था। संध्या के पास भी उसके साथ चलने के अलावा कोई चारा नहीं था। अतः उसने भी मन के भय को खत्म करके सहज होकर उसके साथ चलने में ही अपनी भलाई समझी। अब न वह कुछ बोला और न ही संध्या। वह दोनों चुपचाप रास्ते की दूरी नाप रहे थे । संध्या बीस किलोमीटर के रास्ते को कदमों से नाप रही थी और वह कदम-से-कदम मिलाकर उसका साथ निभा रहा था। पीछे से गाड़ी का हॉर्न सुनकर, अपने पास रुकता देख संध्या डर के मारे लड़खड़ा गई।

गौरव उसका हाथ पकड़कर उसे सड़क के किनारे ले आता है। तभी गाड़ी उनके पास आकर रुकती है और दरवाजा खुलता है। अंदर दो जन - एक ड्राइवर की सीट पर तथा एक पीछे बैठा था। गौरव उसे अंदर बैठने के लिए बोलता है, लेकिन वह चिल्लाना शुरू कर देती है - 'मैं आप जैसे कपटी-दगाबाज लोगों को बड़े अच्छे से जानती हूँ, पहले विश्वास जमाते हो, फिर गैंग में लूटते हो।' उसने मुस्कुराकर विनयपूर्वक उसे फिर से अंदर बैठने के लिए कहा। लेकिन संध्या के जोर-जोर से चिल्लाने पर गौरव ने उसके मुँह पर हाथ रखकर, उसे धक्का देकर गाड़ी के अंदर बैठा दिया। फटाफट दरवाजें बंद किए और गाड़ी चल पड़ी । संध्या बेचैन कभी भगवान को याद करती, कभी अपनी फूटी किस्मत को, 'इस कैब को भी आज ही खराब होना था, जब घर पर कोई नहीं है। आज तो तू लुटी-ही-लुटी या तो तेरा राम-नाम सत होगा या ताउम्र बदचलन, बेहया का ठप्पा और मीडिया की बेचारी बनी-बनी न जाने कहाँ-कहाँ मशहूर हो जाएगी?' तभी गौरव ने पूछा - 'कहां जाना है आपको?' संध्या की डर के मारे जुबान निकल ही नहीं रही थी। ऐसा लग रहा था जैसे उसने कुछ बोला है और इन्हें सुनाई नहीं दिया। गौरव ने फिर जोर से पूछा - "संध्या जी, मैं पूछ रहा हूँ, आपका घर कहां पर है ? " संध्या कुछ जवाब देती इससे पहले ही ड्राइवर - 'साहब, मैं तो गाड़ी फैक्ट्री के गैराज से निकालने गया था, इतनी देर में आप न जाने कहां गायब हो गए। मैं और सौरव साहब (पीछे बैठा व्यक्ति शायद गौरव का भाई होगा) बड़ी देर तक आपको फैक्ट्री के अंदर-बाहर ढूंढते रहे। आप फोन तो वहीं छोड़ आए और गाड़ी की चाबी भी साथ ले आए थे।

तभी गौरव जेब टटोलते हुए - 'ओह! बस वैसे ही पैदल चलने का मन हो आया था।' सौरव- 'गौरव, ऐसे कैसे तुम एकदम सुनसान सड़क पर अकेले पैदल बिना कुछ बताए चाबी जेब में डाले निकल आए'? 'यह तो शुक्र है आज दूसरी गाड़ी फैक्ट्री में खड़ी थी और हम निकल आए। तुम्हें पता है यह जंगल का रास्ता कितना सुनसान और खतरनाक है। अकेले और पैदल यहां कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। भाई दो-चार किलोमीटर हो तो पैदल की सोचते, पूरा बीस किलोमीटर, वो भी जंगल, खतरों के खिलाड़ी बनने का इरादा है क्या?

गौरव - हूं। संध्या मन-ही-मन शायद मुझे सुनसान सड़क पर पैदल चलता देखकर यह साया मेरी हिफाजत में मेरी और आया होगा। तभी संध्या हिम्मत करके - 'गौरव जी, मुझे बस्तीपुरा जाना है।' गौरव ने ड्राइवर को गाड़ी बस्तीपुरा में घुमाने को बोला। बस्तीपुरा पहुंचकर संध्या को उसके घर के बाहर गेट पर उतारते हुए- अभी संध्या अपनी कृतज्ञता प्रकट करने ही वाली थी कि गौरव एकदम से मुस्कुरा कर - 'संध्या जी, सारे राहगीर चालबाज, भेड़िए और लुटेरे नहीं होते हैं। अच्छा चलते हैं, शुभरात्रि !

कविता | **डॉ. बबिता सिंह**

## जीवन



*इंद्रधनुषी सतरंगी*
*झिलमिल हो नभ पंथ*
*कनक थाल में मेघ सजा हो*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*सुरमई शाम*
*आँगन में दीप*
*नूपुर की रुनझुन से ,*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*अंतर्मन भर पुलक*
*अरुण का सूर्य कलश*
*पाँव में महावर हो ,*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*अलि गूँजित मधुवन*
*सुधि से सुरभित स्नेह*
*स्पंदन ले अंक में ,*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*चिर अनमोल बंधन*
*प्रेम की परिधि*
*सागर की मोती सा,*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*अंबर में विद्युत*
*उर में है बादल*
*साँसों के सौरभ-सा,*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*मधुरता अलक्षित*
*स्वर्ग सा श्रृंगार*
*संगीत की झंकार से*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

*पवन हौले मृदुल*
*पावस का पलक डोल*
*तारों की चाँदनी-सा,*
*हो जीवन उद्धार प्रिय।*

ग़ज़ल | **कृष्ण गोपाल विद्यार्थी**

## इस ज़मीं का आदमी



इस ज़मीं का आदमी जब से ख़ुदा होने लगा।
ज़िन्दिगी का ज़ायका ही बदमज़ा होने लगा।

ये अमन के पोस्टर जब से लगे हैं शहर में,
हर गली, हर मोड़ पर एक हादसा होने लगा।

आदमी शायद अजायबघर में ढूंढा जाएगा,
गर शहर में आए दिन ये सिलसिला होने लगा।

बढ़ गये नाख़ून,जबड़ों से टपकता है लहू,
आजकल के आदमी को जाने क्या होने लगा।

रोशनी देने के बदले घर जलाते हैं चिराग़,
अब शहर में जंगलों सा वाकया होने लगा।

ग़ज़ल | **पं. कमल कांत भारद्वाज**

## असली मुखौटा



सब कुछ बता दिया मेरा हाथ देख कर
ये सब बताया उसे मेरे साथ देखकर

मैं अकेला ही लड़ लूँगा अपने मुक़द्दर से
मुझे संभल जाना चाहिए दुश्मन की चाल देखकर

वो आया था मुझे मिलने मेरे सायबान में
वापस लौट गया मेरा हाल बेहाल देखकर

ये सब जैसे दिखते हैं तुम्हें वैसे है नहीं
चेहरों पे नक़ाब डाल लेते हैं माहौल देखकर

किसे बतायें 'कमल' फ़लसफ़े अपनी ग़ुरबत के
अपनो ने ही ख़ंजर चला दिया बदहाल देखकर



कविता
**राजेश भारती**

## एक दिन

एक दिन ऐसे ही बादल छूकर चला गया
धूप पत्तों पर ठिठकी, फिर लौट आई
हवा में गुनगुनाहट सी बिखर गई

सुबह की चाय में धुआँ उड़ा
खिड़की से झाँकती थी नन्ही चिड़िया
एक दिन ऐसे ही वक्त नर्म हो गया

गली के बच्चों की हँसी गूँजी
पेड़ की डाल पर सूरज झूलता रहा
मैंने चुपचाप समय को थाम लिया

शाम ने आकाश को गुलाबी रंग दिया
नदी किनारे चुपचाप लहरें सो गईं
एक दिन ऐसे ही दिल हल्का हो गया।



कविता
**इन्दू घणघस**

## पापा

उठते थे सवेरों से पहले,
सांझ को भी कहा चयन पाते थे।
मेरे कल की खातिर
अपने आज को भूल जाते थे।

सफलता की थपकी
विफलता का कंधा थे।
अंधेरी काली रात का,
चमकता चंदा थे।

बड़े सादे ख्याल थे उनके,
बड़ी सादि जिंदगानी थी।
अब तो ढल गया वो चांद,
उसकी चमक बड़ी नूरानी थी।

**साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए साहित्यकार कृष्ण लाल का कहना है कि आज के बदलते परिवेश में साहित्य की स्थिति चुनौतीपूर्ण है, जिसमें युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बेहद कम होना चिंता का विषय है। हर कोई गूगल या अन्य आधुनिक डिवाइसेज पर विश्वास करके पुस्तकों के पढ़ने में कम रुचि दिखा रहा है। साहित्य सर्जन के प्रति प्रेरित करने के लिए प्राइमरी स्कूल स्तर पर ही अथक प्रयास करने होंगे।**

साक्षात्कार | **ओ.पी. पाल**

# प्रकृति व मानव के बीच दूरियां मिटाने में अहम साहित्य: कृष्ण

साहित्य और संस्कृति का समाज को नई दिशा देने में अहम योगदान माना गया है। इसी मकसद से लेखक, साहित्यकार एवं कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य साधना करते आ रहे हैं। ऐसे ही साहित्यकारों में शुमार कृष्ण लाल गिरधर ने साहित्यिक सफर में हिंदी, अंग्रेजी और हरियाणवी भाषा में अपनी कविताओं और आलेखों के माध्यम सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर कर लोकप्रियता हासिल की है।

शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं कवि कृष्ण लाल गिरधर ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कुछ ऐसे अछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें साहित्य के जरिए प्रकृति और मानव के बीच में बढ़ती दूरियां मिटाना संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर का जन्म 12 सितंबर 1961 को रोहतक के निकटवर्ती गांव मदीना में मनोहर लाल और मीराबाई के घर में हुआ। पिता एक दुकानदार थे। गांव में ही खेतों खलियान के बीच प्रकृति की गोद में बचपन बीता और उनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा हुई। राजकीय उच्च विद्यालय मदीना से उन्होंने मैट्रिक पास की और हिंदू कॉलेज रोहतक से 1981 में बी.ए. की परीक्षा पास करने के बाद सर छज्जू राम कॉलेज हिसार में बी.एड.में दाखिला लिया। सन 1982 में बतौर गणित अध्यापक के रूप में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदाना, साल 2002 में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला और साल 2005 से सितंबर 2019 (सेवानिवृत्ति) तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में कार्यरत रहे। करीब बीस साल उन्होंने अंग्रेजी मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य किया।

अध्यापन के दौरान उन्होंने एम.ए.(पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), एम.ए.(अंग्रेजी) और एमएड. की परीक्षाएं महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से उत्तीर्ण की। दरअसल उनका परिवार भारत विभाजन के बाद अमृतसर और उसके बाद कुरुक्षेत्र से जिला रोहतक में आकर बस गया। उनके परिवार में किसी प्रकार का कोई साहित्यिक माहौल नहीं था। सन 1978 में कॉलेज समय के दौरान उन्होंने पहली कविता लिखी और हिंदू कॉलेज रोहतक की तरफ से उन्होंने गॉड कॉलेज रोहतक में काव्य पाठ प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब वह अंग्रेजी परीक्षा की तैयारी अपने गांव के पास नहर पर स्थित एक पेड़ के नीचे बैठकर कर रहे थे कि अचानक लगभग 5 फीट लंबा कोबरा सांप उनके सामने से गुजरा और सीधा नहर से पानी पीकर वापस उनके आगे से ही गुजर गया, लेकिन उसने उसे कोई हानि पहुंचाई। बकौल कृष्ण लाल, यहां से उन्हें एक संदेश मिला, जो कि जॉन मिल्टन ने भी कहा कि वह अंधा हो गया है, लेकिन परमात्मा ने उन्हें लेखन कार्य दिया है वह तो उन्हें करना ही पड़ेगा, वरना आगे उसके दरबार में वह क्या जवाब देगा। इस प्रकार उन्हें अंदर से ही एक प्रेरणा मिली और फिर कलम उठाकर लिखना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सन 1995 में राज्य शिक्षक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के जनसंख्या विभाग में मेरी दो हिंदी कविताएं प्रकाशित हुई। मार्च 2007 में 'मैं विकलांग नहीं हूं' शीर्षक कविता प्रकाशित हुई। साहित्यिक साधना में उनकी रचनाओं का फोकस पर्यावरण, सामाजिक कुरीतियों, मनुष्य का व्यवहार, मानवता, दया, सत्य, प्रेम करूणा आदि के भाव रहे है। अभी तक लगभग 60 हिंदी कविताएं प्रकाशित हैं और 100 कविताओं के कविता संग्रह पर काम जारी है। हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने करीब 67 कविताएं लिखी, जिनमें से एक है 'शहर मह ताई' जो कि पर्यावरण पर कुठाराघात है, जो एनसीईआरटी गुड़गांव में भाषा प्रशिक्षण सेमिनार में सन 2005 में प्रस्तुत की गई। साहित्य साधना के अलावा कृष्ण लाल सामाजिक सेवा में भी सक्रिय हैं, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान अज्ञात किडनी रोगी को स्वैच्छिक प्लाज्मा दान करके मानवीय भाव को प्रकट किया और समाज को जागरुकता के लिए महामारी के दौर में प्रकृति पोषण और मनुष्य और प्रकृति को लेकर कविताएं भी लिखी। भारत विकास परिषद जैसी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े कृष्णलाल के लेख, कविताएं और विभिन्न पत्रिकाओं में भी प्रकाश होते आ रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्णलाल गिरधर की प्रकाशित अंग्रेजी भाषा की छह पुस्तकों में फीलिंग फेदर्स, लाइफ ( लिव, लव, लाफ़), लव एंड पीस तथा मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स सुर्खियों में हैं। वहीं उनकी दो पुस्तकें नेचर नचर्स और मैन एंड नेचर कोरोना काल के दौरान लिखी गई, जबकि दो पुस्तकें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से संबन्धित प्रकाशित हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने हिंदी साहित्य में करीब सौ कविताएं लिखी, जिनका संग्रह जारी है। उन्होंने 67 कविताएं हरियाणवी में लिखी हैं।



कृष्ण लाल गिरधर

### पुरस्कार व सम्मान

साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर को उनकी पुस्तक पर मेघालय के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक से राज्यपाल पुरस्कार मिल चुका है। वहीं उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी साहित्य के करीब 75 सम्मान पत्र (सर्टिफिकेट) मिले हुए हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी से भी उन्हें पुस्तक मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स के लिए पुरस्कृत किया गया। हरियाणा राज्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने भी उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण लाल गिरधर
**जन्मतिथि** :12 सितंबर 1961
**जन्म स्थान** : गांव-मदीना (रोहतक)
**शिक्षा** : एम.ए. (अंग्रेजी),एम.ए. (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन),एम.एड
**संप्रति** : सेवानिवृत्त प्रवक्ता (अंग्रेजी), लेखक, साहित्यकार, कवि

# ऊर्जा देती है 'नई सोच के नये पंख'





**पुस्तक** : नई सोच के नये पंख
**कवि** : हरीश चंद्र झंडई
**मूल्य** : 250 रुपये
**प्रकाशक** : बोधि प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा | **शशि कांत चौहान**

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरीश चंद्र झंडई का काव्य संग्रह 'नई सोच के नए पंख' पाठकों को नई ऊर्जा प्रदान करती है। इस संग्रह की रचनाएं नया करने की ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ वर्तमान के बदलते युग और भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रति आगाह करती हैं। यूं तो आज का मानव हर क्षेत्र में तरक्की कर चुका है, परन्तु इन सबके बीच कहीं न कहीं मानवता का ह्रास हो गया है।

डॉ. झंडई की पूर्व प्रकाशित संग्रह नये रास्ते नई डगर, नई सोच के नये रंग, नया सवेरा में भी युवा पीढ़ी को कुछ नया करने का संदेश देते रहे हैं। प्रस्तुत संग्रह की शीर्षक कविता के माध्यम से भी कवि पाठकों को जीवन की तमाम चुनौतियों के बीच, संकीर्ण विचारों को छोड़कर नई उड़ान भरने का आह्वान करता है। जब इंसान नई सोच रखता है, तभी वह बाधाओं पर पार पा सकता है।

'नई सोच के नये पंख' में कुल 80 कविताएं हैं। इन कविताओं में रचनाकार ने भारत के इतिहास से लेकर विश्व की वर्तमान अवस्था, युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया, गिरते मानवीय मूल्यों जल संकट, पर्यावरण प्रदूषण, सता लोलूपता और नारी-विमर्श प्रधानता दी है। इतना ही नहीं कवि ने अपने संग्रह की अंतिम कविता 'प्यार की जिंदगी पत्नी है' में जीवन में पत्नी के महत्व को बहुत सुंदर शब्दो में पिरोया है। नई दुनिया में कवि ने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की है जिसमें अहंकार, जात-पात की भावना न हो बल्कि संस्कारों की भावना, मानवता और रिश्तों का सम्मान हो। संकट के मुहाने पर खड़ी दुनिया' के माध्यम से कवि ने दुनिया में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के खतरे के प्रति आगाह किया है। 'लौट आये मेरा बचपन' कविता के मानवीय रिश्तों के टूटने का दर्द उभारा है कि किस तरह बचपन हंसता खेलता था और आज परिवार के बुजुर्गो में एकाकीपन है और खुशियों के पर अब नहीं मिलते हैं। आया राम गया राम की बेला' आज की राजनीति की हकीकत बयां करती है। डॉ. हरीश चन्द्र झंडई ने महिला सशक्तीकरण पर भी लेखनी चलाई है। इसमें बेटी की आगे बढ़ने की चाह को उजागर करती कविता के साथ-साथ बेटियों को मजबूत बनने का आह्वान किया है। इसके साथ ही 'मनकों की माला को बिखरने न दो' समाज को एकजुट रहने का संदेश देती है। जिन्दगी है संघर्ष की तपिश हार न मानने और संघर्ष करने का आह्वान है। कुल मिलाकर डॉ. हरीश चन्द्र झंडई 'नई सोच के नये पंख' के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल रहे हैं। पुस्तक का आवरण भी प्रशंसनीय है।

## खबर संक्षेप

### शातिर ने ट्रांसपोर्टर बनकर उद्यमी को लगाई चपत

**बहादुरगढ़।** इलाके में ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। अब यहां शातिर ने ट्रांसपोर्टर बनकर एक कंपनी मालिक को हजारों रुपये की चपत लगा दी। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर 6 के निवासी अमन के साथ हुई है। अमन का कहना है कि रोहद में उनकी कंपनी है। चेन्नई माल भेजना था। इस संबंध में एक ट्रांसपोर्टर से फोन पर बातचीत हुई। उन्होंने अपना ट्रक भेजा और हमने माल लोड करा दिया। एक लाख 35 हजार रुपये में भाड़ा तय हुआ था। उन्होंने 94 हजार 500 रुपये एडवांस ऑनलाइन भेज दिए। गाड़ी भेजने के दो घंटे बाद असल मालिक का फोन आया और बताया कि हमें भाड़ा प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बाद ठगी का आभास हुआ। शातिरों ने असली ट्रांसपोर्टर बनकर मुझे चपत लगाई है।

### कपड़ा व्यापारी से हजारों की ठगी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर के निवासी एक कपड़ा व्यापारी के साथ हजारों रुपये की ठगी हो गई। शातिरों ने लिंक भेजा था। जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो खाते से रुपये निकल गए। बराही रोड के निवासी योगेश के साथ यह वारदात हुई है। योगेश का कहना है कि वह कपड़े बेचने का काम करता है। तीन मार्च की रात आठ बजे मेरे पास एक कॉल आई। फिर उस नंबर से दो लिंक मेरे मोबाइल पर भेजे गए। लिंक पर क्लिक करते ही मेरे खातों से दो बार में 70 हजार रुपये कट गए।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**बहादुरगढ़।** सीआईए-2 ने थाना लाइनपार बहादुरगढ़ के एरिया से एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ काबू किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सीआईए इंचार्ज रवींद्र कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम चोर प्याऊ लाइनपार के पास मौजूद थी। पकड़े आरोपी की पहचान दीपक निवासी सोनीपत के रूप में हुई। उसके पास देशी पिस्तौल बरामद हुई।

# कैंसर जागरूकता पर शोध किया प्रस्तुत

- प्रभावी प्रारंभिक जांच के कार्यान्वयन से गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बोझ को कैसे कम किया जा सकता है: डॉ. रितु यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु यादव ने हरियाणा, उत्तर भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बारे में जागरूकता और ज्ञान शीर्षक से अपना शोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरओएनसी 2025 में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बायोबैंक इंडियन फाउंडेशन कैंसर केयर, दिल्ली और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, दिल्ली द्वारा किया गया, जिसकी मेजबानी एसएयू, दिल्ली के जीवन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी संकाय ने 28-29 मार्च, 2025 को की। डॉ. रितु यादव ने अपने शोध कार्य में बताया कि जागरूकता फैलाकर और प्रभावी प्रारंभिक जांच के कार्यान्वयन से गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बोझ को कैसे कम किया जा सकता है। भारत जैसे विकासशील देशों में जांच और उपचार की कम लागत एक आवश्यकता है। उनका अध्ययन इस बात का प्रमाण देता है कि जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य शिक्षा की पेशकश से शुरुआती अवस्था में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का पता लगाने की लागत में काफी कमी आ सकती। उल्लेखनीय है कि डॉ. रितु यादव के प्रतिष्ठित कैंसर और आण्विक और आनुवांशिकी संबंधी पत्रिकाओं में 40 से अधिक

# नवसंवत्सर के स्वागत में हुआ 101 कुंडीय यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



यज्ञ करने से आयु बढ़ती है। यज्ञ नित्यकर्म है। नवसंवत्सर पर प्राकृतिक परिवर्तन होते हैं इसलिए यह प्राकृतिक त्यौहार है। कालान्तर में ऐतिहासिक प्रसंग जुड़ने के कारण इसका ऐतिहासिक महत्व भी है। यह विचार दर्शन योग महाविद्यालय सुन्दरपुर के तत्वाधान में जाट कॉलेज में आयोजित 101 कुण्डीय नवसंवत्सर यज्ञ में छत्तीसगढ़ से पधारे यज्ञ ब्रह्मा आचार्य डॉ. कमल नारायण ने व्यक्त किये। उन्होंने यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ से विभिन्न रोगों की चिकित्सा की जा सकती है। इससे पूर्व नव संवत के विशेष मन्त्रों के साथ 101 कुण्डीय यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें औषधीय सामग्री एवं संस्कारित घी का उपयोग किया गया। मुख्य यजमान आशा आर्या, राहुल आर्य एवं प्रिया आर्या रहे। स्वामी शान्तानन्द सरस्वती ने यज्ञ, अध्ययन, दान आदि धर्म के आठ मार्ग बताये। इस मौके पर स्वामी शांतानंद द्वारा लिखित लघु पुस्तकों का पुनः विमोचन भी किया गया। राजसिंह कानूनगो तथा पवनजीत ने भजन प्रस्तुत किए।

### आर्यसमाज के कार्यों की प्रशंसा की

जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने आर्यसमाज के कार्यों की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र भाटिया ने कहा कि यज्ञ बहुत श्रेष्ठ कर्म है। उन्होंने सभी को नवसंवत्सर पर्व एवं आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस की बधाई दी। रिंकू सैनी ने कहा कि सभी को आर्य समाज के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। अतिथियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। दर्शन योग महाविद्यालय सुन्दरपुर के प्रबंधक निगम मुनि ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच संचालन अंकुर अरोड़ा ने किया।

## लाडो लक्ष्मी योजना के लिए से 5000 करोड़ का बजट का आवंटन किया

# देश, प्रदेश और गांव के विकास के लिए भाजपा सरकार जरूरीः डॉ. अरविंद शर्मा

हकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने गांव गोरावड में राशिवाला धाम पहुंचकर सामुदायिक हाल का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आमजन की सहूलियत को बढाने और उनके उत्थान की दिशा में निरन्तर बड़े कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश, प्रदेश और गांव के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बहुत जरूरी है। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने गांव गोरावड में राशिवाला धाम पहुंचकर सामुदायिक हाल का लोकार्पण किया। दुर्गा मां के प्रथम नवरात्रि, सत्संग, भंडारे, आमजन के लिए लगाए गए चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विक्रमी सम्वत नववर्ष व नवरात्रि के प्रथम दिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश और प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार आमजन के आशीर्वाद और विश्वास के बलबूते पर बनी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास को रफ्तार देने के लिए 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इस बजट में हर तबके की भलाई, हर वर्ग का उत्थान सुनिश्चित करने की सोच को मजबूत तरीके से रखा गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से 5000 करोड़ रुपये बजट का आबंटन किया गया है। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं और आमजन से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी नीतियों को जरूरतमंद तक पहुंचाने व उनको लाभ दिलाने में सहयोग करें, तभी समाज के अंतिम छोर पर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता से किए गए सभी वायदों, संकल्पों को गम्भीरता से पूरा करेगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार निरन्तर जनहित में काम कर रही है और हर पात्र को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महम की जनता को सरकार में हिस्सेदारी करनी चाहिए, क्योंकि यह सरकार गुजरात और मध्य प्रदेश की तर्ज पर लगातार चलेगी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महंत सतीश दास, कार्यक्रम संयोजक पूर्व सरपंच राजेश शर्मा, भाजपा जिला फरीदाबाद प्रभारी नरेन्द्र वत्स, ब्राह्मण समाज संयोजक महेश शर्मा, जिला पार्षद सन्दीप, सरपंच मुकेश, रमेश अत्री, मुकेश वशिष्ठ, धर्मबीर खत्री, मधुसूदन पहलवान, नन्दू शर्मा, रणधीर बडाली, आशीष बल्हारा, अंग्रेज राठी, अनिल जांगड़ा व बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं उपस्थित रहे।



# महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भगवान परशुराम सेवा संघ द्वारा नवरात्रि व नव संवत के शुभ अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। संघ व गायत्री परिवार रोहतक द्वारा प्रत्येक रविवार को हवन का आयोजन किया जाता है। श्री हरिहर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित हरिओम वशिष्ठ एवं परशुराम सेवा संघ प्रधान बीएस कौशिक ने हवन में गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र द्वारा आहुति डालकर सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर पंडित ताराचंद, मोहन दत्त, अनिल सैनी, महेंद्र शर्मा, जेबी सिंह, जयपाल शर्मा, सुरेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



# सुनील आहूजा बने सखी सर्वर बिरादरी के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सखी सर्वर बिरादरी समिति की बैठक निजी होटल में सरपरस्त सोहनलाल गांधी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सर्व सम्मति से समिति के पदाधिकारियों का भी चुनाव किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से सुनील आहूजा को अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील आहूजा ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए बताया कि राज कुमार जुनेजा, ईश्वर आहुजा, रविंदर कुमार चानना (नितू) व राजिंदर नासा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वही सुरिंदर वधवा को महासचिव, वरुण कुमार को संयुक्त सचिव, विनोद आहूजा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ-साथ हरीश आहुजा, संजय जुनेजा व राजिंदर गांधी को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# बीमा अधिकारी से 2.57 लाख रुपये की साइबर ठगी

**बहादुरगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम के एक अधिकारी के साथ ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने क्रेडिट कार्ड की पेमेंट संबंध में कॉल की और कुछ ही देर में दो लाख 57 हजार रुपये की राशि साफ कर दी। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अधिकारी बहादुरगढ़ में ही रहते हैं। उनका कहना है कि चार जून की दोपहर करीब डेढ़ बजे मेरे पास एक कॉल आई। कॉलर ने मुझसे क्रेडिट कार्ड की मंथली पेमेंट जमा न होने की बात कही। मेरे मना करने के बाद भी चेक करने के बहाने उन्होंने मोबाइल ऑन रखने के लिए कहा। इसी दौरान मेरे क्रेडिट कार्डों से दो लाख 57 हजार 676 रुपये की निकासी हो गई। आधे घंटे के अंदर अपने बैंकों में मैंने यह जानकारी दी तो मेरे दोनों क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिए गए। तब मुझे आश्वासन दिया कि आप चिंतान करें, हम यह सब रिकवर कर लेंगे। लेकिन कुछ दिन बाद मुझे बैंक से पेमेंट जमा करवाने के लिए फोन आने लगे। इसके बाद मैंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। वहीं, साइबर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### शहर में नहीं थम रही वाहनों की चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। आए दिन कहीं न कहीं से वाहन उठाए जा रहे हैं। अब दो और लोगों ने पुलिस को चोरी की शिकायत दी है। टीकरी कलां के निवासी हरेंद्र का कहना है कि वह 29 मार्च को अपनी बाइक लेकर जीवन ज्योति अस्पताल में डायलिसिस कराने आया था। बाइक बाहर खड़ी की थी। रात को जब बाहर आया तो बाइक नहीं मिली।

# पुलिस ने पैतावास गांव में मिले जगदीप की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

टीचर जगदीप का अपहरण के बाद कुएं में जिंदा गाड़ देने वाले मास्टरमाइंड को पुलिस ने गांव पैंतावास से गिरफ्तार कर लिया है। सीआआईए-1 की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। वहीं, सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। इस मामले में दो आरोपियों हरदीप व धर्मपाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वारदात में शामिल मुख्य आरोपी राजकरण को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने बताया कि सीआईए-1 स्टाफ को सूचना मिली कि रोहतक के किसी युवक की हत्या कर चरखी दादरी के किसी गांव में फेंका गया है। एसपी नरेंद्र बिजारणिया के दिशा निर्देशों के अनुसार सूचना के आधार पर मामले की जांच प्रभारी सीआईए-1 स्टाफ निरीक्षक कुलदीप सिंह को सौंपी गई। सीआईए-1 स्टाफ द्वारा रोहतक में पिछले कई महीनों में संदिग्घ परिस्थितियों में गायब हुए लोगों का डाटा एकत्रित कर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि दिसंबर 2025 में जनता कालोनी निवासी जगदीप संदिग्घ हालात में घर से गायब हुआ था। 3 फरवरी को जगदीप के ताऊ अस्थल बोहर निवासी ईश्वर की शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके किया गया था। जगदीप बाबा मस्तनाथ संस्थान में फिजियोथेरेपीस्ट के तौर पर कार्य करता था तथा जनता कॉलोनी मे स्थित कमला के मकान मे रहता था। जनता कॉलोनी की युवती की शादी दादरी के गांव पैतावास में हो रखी थी। जांच में सामने आया कि जगदीप का अपहरण कर हत्या कर दी गई है। 24 मार्च को आरोपी हरदीप व धर्मपाल निवासीगण पैतावास कलां जिला चरखी दादरी को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान रिमांड 24 मार्च को रोहतक पुलिस गांव पैतावास में घटनास्थल पर पहुंची व आरोपी धर्मपाल की निशानदेही पर बतलाए गए गड्ढे से जगदीप के शव को निकाला गया। 25 मार्च को मृतक जगदीप का पीजीआईएमएस रोहतक में बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। दोनों आरोपियान को बंद जिला जेल रोहतक करवाया गया। एसपी द्वारा सीआईए प्रथम रोहतक व थाना शिवाजी कॉलोनी रोहतक की तीन टीम गठित की गई। 30 मार्च को वारदात में मुख्य आरोपी राजकरण निवासी पैतावास दादरी को सीआईए-1 स्टाफ व थाना शिवाजी कालोनी की टीमों द्वारा संयुक्त अभियान के तहत गांव पैतावास दादरी से गिरफतार किया गया।

### वारदात का खुलासा



जांच मे सामने आया कि जगदीप करीब 3 साल से जनता कॉलोनी में मकान पर रह रहा था। जनता कॉलानी की युवती की शादी राजकरण गांव पैतावास के साथ हो रखी है। युवती के पति राजकरण को शक था कि उसकी पत्नी की जगदीप के साथ दोस्ती है। 24 दिसंबर 2024 को राजकरण ने अपने गांव के धर्मपाल व प्रदीप से मिलकर बाबा कालू वाला डेरे के पास जोहड़ी की जमीन पर खड्डा खुदवाया। 24 दिसंबर राजकरण, हरदीप, अमित तीनों गाड़ी में सवार होकर जनता कॉलोनी रोहतक में जगदीप के घर पर पहुंचे तथा मारपीट करके जगदीप को बंधक बनाकर गाड़ी में डालकर पैतावास गांव में ले गए। योजना के अनुसार पहले से ही खोदे गए खड्डे मे जिंदा फेंक कर ऊपर से मीटी डाल कर दफ़न कर दिया।

### मुनाफे के नाम पर साढ़े तीन लाख की ठगी

**बहादुरगढ़।** शहर के निवासी एक व्यक्ति के साथ करीब साढ़े तीन लाख रुपये की ठगी हो गई। शातिर ने मुनाफे का झांसा देकर उसको चंगुल में फंसाया और वारदात कर दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। ओमेक्स के निवासी अमित का कहना है कि मेरे पास एक नंबर से लिंक आया। लिंक भेजने वालों ने मुनाफे का झांसा दिया और इसके बाद मुझ से रुपये मंगवाने लगे।

**सरपंच एसोसिएशन लाखनमाजरा ब्लॉक प्रधान (रोहतक)**

**सार्वजनिक सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीषा सरपंच ग्राम पंचायत खरैन्टी अपनी तरफ से तसदीक करती हूं कि दिनांक 23.03.2025 शहीदी दिवस के दिन गांव में गिल मिलन समारोह का आयोजन किया गया था और इस दिन कुछ गांव के आदमियों ने कहा कि गिल खाफ का प्रधान बदल दिया है और नया सर्वसम्मति से प्रधान बना दिया है। परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। इस दिन मौके पर बैठे वर्तमान में सरपंच ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि पूर्व सरपंच जगवीर सिंह ने कहा कि ऐसा फैसला कुछ भी नहीं हुआ है। इसलिए सरपंच मनीषा ग्राम पंचायत खरैन्टी तसदीक करती है कि जब तक गिल खाप के सभी 78 गांव आपस में बैठक फैसला नहीं करते है। जब तक राजेश गिल गांव मिर्चपुर के ही गिल खाप के प्रधान बने रहेंगे। हमारी ग्राम पंचायत खरैन्टी इस पुष्टी का खंडन करती करती है।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, खरैन्टी
तहसील महम, (रोहतक)
मो. नं. 8059492343

## हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# कुश्ती संघ अध्यक्ष रमेश बोहर बोले, भारतीय कुश्ती संघ व हरियाणा कुश्ती संघ खिलाड़ियों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हाल ही में जॉर्डन देश में हुई सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा की पांच बेटियों ने पदक जीतकर परचम लहराया है। रविवार को हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने बोहर गांव स्थित अपने निवास पर मनीषा बनवाला, रितिका हुड्डा और मुस्कान नंदलाल का सम्मान किया है। सम्मान पाकर सभी महिला खिलाड़ी काफी खुश नजर आई। उनका कहना है की सफलता के बाद मिल रहे सम्मान से आगे की प्रतियोगिताओं के लिए उनका मनोबल बढ़ता है। सभी खिलाड़ियों को हरियाणा कुश्ती संघ का हमेशा सहयोग मिलता रहा है। यही कारण है कि हरियाणा के खिलाड़ी लगातार प्रतियोगिताओं में हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने कहा की पांच खिलाड़ियों द्वारा सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में पदक जीतना हरियाणा के लिए गौरव की बात है। हरियाणा कुश्ती संघ सभी जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों की मदद में खड़ा रहा है और आगे भी खिलाड़ियों के साथ रहेगा। जिससे कि हरियाणा से और खिलाड़ी तैयार हूं और वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। पदक जीतने वाली मनीषा बनवाल, रितिका हुड्डा और मुस्कान नांदल ने कहा की सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने के बाद आगामी एशियन गेम और ओलंपिक के लिए तैयारी करेंगे। एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में खेल कर उन्हें काफी कुछ सीखा है और जो कमीया रही हैं उन्हें दूर कर अब उनका लक्ष्य एशियन गेम और ओलंपिक में पदक जीतना है। आज मिले सम्मान से कुश्ती खिलाड़ी काफी खुश नजर आई और उन्होंने हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर का धन्यवाद किया।

### कुश्ती संघ के अध्यक्ष खिलाड़ियों का रख रहे विशेष ध्यान

हरियाणा कुश्ती संघ भारतीय कुश्ती संघ के साथ मिलकर हरियाणा के खिलाड़ियों का विशेष ध्यान रख रहा है इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में खेलने में विशेष मदद मिलती है। रमेश बोहर ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि अब हरियाणा की पांच बेटियों ने चैंपियनशिप में पदक जीत कर हरियाणा के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा कुश्ती संघ भारतीय कुश्ती संघ के साथ मिलकर खिलाड़ियों के लिए खेल में आने वाली हर समस्या को दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

# टोल टैक्स की दरें बढ़ाने का विरोध

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक अप्रैल से बढ़ाए जाने वाले टोल टैक्स के निर्णय का एसयूसीआई ने विरोध जताया है। इसे वापस लेने की मांग उठाई है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि यह बढ़ोतरी अन्यायपूर्ण व जन विरोधी है। पिछले पांच वर्षों में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल टैक्स के नाम से 13,988 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। टोल टैक्स की बढ़ोतरी का आर्थिक बोझ वाहन मालिकों पर पड़ता है। इसकी पूर्ति करने के लिए वाहन मालिक यानी ट्रांसपोर्टर यात्री किराया व माल भाड़ा में बढ़ा देते हैं। इसका बोझ आम आदमी पर पड़ता है। जिन कंपनियों का सामान यहां से वहां ढोया जाता है, वे कंपनियां हर सामान के रेट बढ़ा देती हैं। जब भी टोल टैक्स बढ़ाया गया है, तभी साथ साथ महंगाई भी बढ़ी है। जयकरण दलाल ने कहा कि जब वाहन खरीदा जाता है तो एकमुश्त भारी भरकम रोड-टैक्स चुकाया जाता है, जिसका उद्देश्य सड़क मार्ग का रख रखाव करना बताया जाता हैं। ऐसे में खुली बेरहम लूट के अलावा टोल टैक्स का औचित्य क्या है।

### खरीद एजेंसियों को समय पर किसानों को पेमेंट करने के निर्देश

झज्जर। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिले में रबी सीजन की सरसों खरीद प्रक्रिया जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार खरीद एजेसियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के तहत सरसों की खरीद की जा रही है। जिले में 2671.85 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है, जबकि 6772 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। अनाज मंडियों में हुई कुल सरसों खरीद में से 927 एमटी सरसों की लिफ्टिंग हो चुकी है व लिफ्टिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को तय समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें और खरीदी गई सरसों की लिफ्टिंग में तेजी लाएं, ताकि मंडियों में जगह की समस्या न हो।



## खबर संक्षेप



### जेएलए मनोज 29 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में कार्यरत जेएलए (जूनियर लेक्चर एसिस्टेंट) मनोज कुमार 29 साल 4 महीने और 13 दिन की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के मौके पर कॉलेज के सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल, प्राध्यापकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनको उपहार भेंट किए। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने उनके कार्यकाल की सराहना की। मनोज कुमार ने बताया कि 19 नवंबर 1995 को उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज भिवानी में बतौर एलए अपनी सेवाएं शुरू की थी। ज्यादातर कार्यकाल उन्होंने भिवानी कॉलेज में ही पूरा किया। 7 जुलाई 2022 को उन्होंने महम के राजकीय महाविद्यालय में ज्वाइन किया था। वेदपाल मंदेरणा ने बताया कि मनोज कुमार बहुत ही हंसमुख स्वभाव के और मिलसार व्यक्ति हैं। अल्प समय में ही वे महम कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों के चहेते बन गए।

## संकट मोचन मंदिर में भक्तों ने मां को नारियल किया भेंट

# भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मांगी शुभकामनाएं

*नवरात्र में निरंतर जलेगी अखंड ज्योत, कलश स्थापना हुई व सायं 4 से 6 होगा दुर्गा स्तुति पाठ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नवरात्र के पहले दिन रविवार को भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। भक्तों ने मां के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र भक्तिभाव, हर्षोल्लास और धूमधाम से आरंभ हुए। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तों ने रविवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना श्रद्धा से की। साध्वी मानेश्वरी देवी ने विधिनुसार व मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा के दरबार में शुभ मुहुर्त अनुसार कलश स्थापना व खेतरी बीजी। इसके बाद अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि 6 अप्रैल तक निरंतर नौ दिन तक चौबीस घंटे मां की अखंड ज्योत जलेगी, अखंड पाठ होगा। शाम 4 से 6 बजे तक दुर्गा स्तुति का किया गया और प्रसाद वितरित किया गया।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर नवरात्र महोत्सव में रविवार को परमपूज्या साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हुए।

### सुख-समृद्धि की प्रतीक है मां शैलपुत्री : साध्वी

*गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं। शैल का अर्थ है पत्थर या पहाड़। मां शैलपुत्री की कथा का श्रवण करने से व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में उनके नाम की तरह स्थिरता बनी रहती है, जीवन में अडिग रहकर लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। मां का वाहन वृषभ (बैल) है और मां शैलपुत्री पर्यावरण एवं प्रकृति संतुलन का प्रतीक मानी जाती है। माता इतनी दयालु हैं कि वह निरंतर भक्तों का कल्याण करती हैं। वह अपने भक्तों को निरंतर अपनी कृपा से निहाल करती रहती हैं।*

### नव संवत्सर की शुभकामनाएं दी

*साध्वी मानेश्वरी देवी ने नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिन्दू पंचांग के अनुसार नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 30 मार्च से शुरू हो गया है। हमारी धार्मिक और संस्कृति के अनुसार नव वर्ष नव इस दिन से शुरू होता है। हमारा नया साल आज से शुरू होता है न कि 1 जनवरी से।*

### 'जय माता दी' के लगाए जयकारे

*भक्तों ने नारियल की भेंट, लाल चुनरियां ओढ़ाकर, जल, गंगाजल, फूल-मालाओं, फल-फ्रूट, चंदन, पान सुपारी से मां की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की मंगलकामनाएं मांगी और मां के जयकारे लगाए। मंदिर जय माता दी और जय मां जगदंबे के जयकारों से गूंज उठा। भक्त मां के भजनों पर नाचते-गाते हुए भक्ति के रस में डूबे नजर आए।*

## एमडीएन स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**रोहतक।** एमडीएन विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर पीटीएम का आयोजन भी किया गया। अभिभावकों और शिक्षकों के बीच छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, आगामी परीक्षाओं और नए सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई और शिक्षकों ने छात्रों के भविष्य में सुधार के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यार्थियों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से गणित, हिंदी, संस्कृत, कंप्यूटर एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रबंधक रेणु नरवाल और प्रधानाचार्या मीनू टहल्यानी द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं।

### महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट मेयर और सभी पार्षदों का करेगा सम्मान



**रोहतक।** झज्जर रोड स्थित वैश्य कन्या स्कूल में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई, बैठक की अध्यक्षता महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने की। मिटिंग में निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर सुंदरकांड का पाठ, भजन संध्या व नगर निगम के मेयर व सभी पार्षदों का सम्मान किया जाएगा।

# 210 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा निःशुल्क दवाइयां व चश्मे बांटे

*टीम ने मरीजों को उचित परामर्श भी दिया*

- इस मौके पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल मुख्य अतिथि रहे, उन्होने ट्रस्ट के कार्यों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महावीर जैन टैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने 210 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया। साथ ही निःशुल्क दवाईयां व चश्में भी वितरित किए गए। इस मौके पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। साथ ही समय समय पर शरीर की जांच भी बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर शरीर में कोई रोग है तो उसका समय रहते ईलाज किया जा सके। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी सराहना की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि व वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. विनोद दुआ, डॉ. सोनिका बोहत, डॉ. रितु, डॉ. कार्तिक, राजेश जैन, राजू सचदेवा, गोविंदराम, विकास गुप्ता, मनोज जैन, अजीत शर्मा, ईश्वर गुप्ता, सुधीर जैन, गुलशन धीगड़ा, सतीश जैन, राहुल, हरीओम, संजय, ललित मग्गू आदि मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट ने वैश्य स्कूल में पाठ्य सामग्री की वितरित



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित वैश्य प्राइमरी स्कूल में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट ने रविवार को पाठ्य सामग्री वितरित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ट्रस्ट के चैयरमेन राजेश जैन रहे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया, राजेश जैन ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इन्हें उच्च शिक्षा और संस्कार मिलेंगे तो देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों, शिक्षकों व सभी सामाजिक संगठनों का दायित्व बनता है कि वह बच्चों को नैतिक शिक्षा व संस्कार दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूलों में सभी सुविधाएं मिलें, ऐसा हमें संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल, सह सचिव मुकेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, विपिन गुप्ता, स्कूल के अध्यक्ष राकेश गोयल, रमेश मित्तल, विपुल गोयल, प्राचार्य पूजा, राहुल जैन, संदीप, रमेश गोयल आदि उपस्थित रहे।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

*कक्षा नर्सरी से 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में कक्षा नर्सरी से 11वीं कक्षा तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। विद्यालय प्राचार्या ने विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम को देखते हुए गोल्डन, सिल्वर और ब्रॉन्ज़ कार्ड देकर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक-अभिभावक बैठक का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना व उनकी मेहनत को सराहना है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक कुशलता, निपुणता और विशेष दृष्टिकोण का समावेश करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में समय-समय पर अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती हैं। डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय उप प्रधानाचार्या मशेंका, सिमरन, रेखा, वीरेंद्र, रेशमा, हर्ष, विन्नी, रितु खुराना, किरण, रुचि, सीमा, शोभा, दीपमाला, रोहित, दुर्गा, विनीता, संध्या, कनिका, ज्योति साक्षी, वरुणी, सुमन, सुरेखा आदि उपस्थित रहे।






### हम बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए लड़ रहे : मान

**रोहतक।** देश में एक भी बच्चा अन्याय का शिकार है तो जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संगठन (जेआरसी) उसके साथ है। रोहतक जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए कार्य कर रही एम. डी.डी. ऑफ इंडिया जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की एक अहम सहयोगी संस्था है। हम रोहतक जिले से बच्चों के खिलाफ बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल मजदूरी जैसे अपराधों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं।" ये बातें एम डी डी ऑफ इंडिया संस्था के कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह मान ने कही। उन्होंने कहा बच्चों की मदद के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## हवन-यज्ञ में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ दी आहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

डीएवी शताब्दी पब्लिक में आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अध्यापकों ने हवन-यज्ञ में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुति दी। इसके बाद स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों पर भाषण, भजन, पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विजयपाल ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आर्य समाज ने भारतीय समाज में शिक्षा, नारी उत्थान, जातिवाद विरोध और समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाज में शिक्षा एवं समानता के प्रचार में योगदान देने की प्रेरणा दी।

### साइक्लोथॉन में हिस्सा लेने के लिए पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन : डीसी

**रोहतक।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन (साइकिल यात्रा) आगामी 13 अप्रैल को जिला में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र आदि से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होते हुए इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि जिला की साइकिल यात्रा में जिले की सक्रिय भागीदारी रहेगी। जिला वासियों से आह्वान किया कि वे हरियाणा उदय पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के जरिये अपना रजिस्ट्रेशन करें। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन 13 अप्रैल को झज्जर की तरफ से जिला रोहतक की सीमा में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन का जिला रोहतक में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

- एचडी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय निदेशक कुलवंत नहरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि विद्यालय प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। तद्उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाटक और कविता पाठ से उपस्थित छात्र अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शालिनी गुप्ता ने बताया कि अपनी कक्षा में प्रथम, द्वीतीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों तथा अपनी कक्षा में सबसे मोस्ट रेगुलर विद्यार्थी को भी स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुलवंत नहरा ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। प्रधानाचार्य शालिनी गुप्ता ने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग की सराहना की और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल उपप्राचार्या इंदु नहरा व विद्यालय सचिव संजीव छिल्लर के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



**महम।** प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते एचडी स्कूल खेड़ी महम के निदेशक कुलवंत नहरा व शिक्षक।

### भाविप का चुनाव संपन्न रमेश अध्यक्ष बने




**रोहतक।** भारत विकास परिषद सैक्टर शाखा रोहतक का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव प्रवेक्षक के रूप में मूलचंद जोशी प्रांतीय अधिकारी बहादुरगढ़ से पहुंचे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता अध्यक्ष मनोज बहल ने की। अध्यक्ष मनोज बहल ने उपस्थित परिषद सदस्यों का उनके कार्यकाल में दिए गए सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया और आगे भी परिषद को इसी प्रकार से सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। इसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनाव की बजाय चयन प्रक्रिया हुई और निर्विरोध रूप से रमेश अहलावत को अध्यक्ष, तरुण गुप्ता को महासचिव व राकेश शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इस मौके पर उपस्थित समस्त परिषद सदस्यों ने नई टीम को बधाई दी।

**थामा कमल** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने भाजपा का पटका पहनाया

# भाजपा में शामिल हुए महम के कई वकील, पूर्व प्रधान रवि शंकर सोनी ने दिया कांग्रेस को झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रविवार को महम के कई वकील भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने वकीलों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। बार एसोसिएशन महम के पूर्व प्रधान रवि शंकर सोनी ने कांग्रेस को एक बड़ा झटका दिया है। रवि शंकर सोनी कांग्रेस के एक कर्मठ कार्यकर्ता होते थे। वे पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी और विधायक बलराम दांगी के बेहद करीब व्यक्तियों में शामिल थे। लेकिन हाल ही में हुए बार एसोसिएशन महम के चुनाव में आनंद सिंह दांगी और बलराम दांगी ने उनका साथ नहीं दिया। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस का दामन छोड़ दिया और भाजपा के पाले में जा खड़े हुए। रविवार को उन्होंने कई वकीलों के साथ भाजपा में शामिल होने की घोषणा करके कांग्रेस के धड़े में सनसनी फैला दी। उनके भाजपा ज्वाइन करने से महम में बीजेपी को मजबूती मिली है। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने वाले वकीलों में सत्येंद्र यादव, सुनील कुमार घोघलिया, मोनू मल्होत्रा, सोनू शर्मा, धर्मबीर बेडवा, रविकांत शर्मा, विक्रम बेडवा, वरुण वर्मा, प्रीतम जंघम, सोमबीर पांचाल, मोहित शर्मा, पवन कटारिया, सुमित कुमार व पवन कुमार शामिल थे। वकीलों के अलावा भी कई व्यक्तियों ले भाजपा ज्वाइन की। रविशंकर सोनी के साथ भाजपा ज्वाइन करने वालों की संख्या 50 थी। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि जो भी वकील भाजपा में शामिल हुए हैं, सभी वकीलों का और भाजपा में शामिल होने वाले अन्य सभी लोगों को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। ये जाहिर सी बात है कि भाजपा का कुनबा बढ़ने से महम हलके में विकास कार्यों में और तेजी आएगी।



**महम।** पूर्व बार एसोसिएशन प्रधान रविशंकर सोनी व अन्य वकीलों को भाजपा में शामिल करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र।